छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर

क्रमांक / **2000** / 141(2) / विज्ञापन / 2020 — रायपुर, दिनांक **05.09.2020**

:: सूचना-पत्र ::

:: सहायक प्राध्यापक (उच्च शिक्षा विभाग) - 2019 ::

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन क्रमांक 02 / 2019 / परीक्षा / दिनांक 18 / 01 / 2019, शुद्धि पत्र क्र. 04 / 2019 / परीक्षा दिनांक 01.02.2019, 07 / 2019 / परीक्षा दिनांक 23.02.2019 एवं 12 / 2019 / परीक्षा दिनांक 23.11.2019 के तहत् सहायक प्राध्यापक (उच्च शिक्षा विभाग) के रिक्त 1384 पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। जिसमें ऑनलाइन आवेदन की तिथि दिनांक 04.02.2019 से दिनांक 05.03.2019 तक था। आयोग द्वारा जारी सूचना पत्र के माध्यम से दिनांक 06.12.2019 से 20.12.2019 तक आवश्यक अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने का समय दिया गया था।

(2) कोरोना वायरस (COVID-19) के संक्रमण के कारण छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल के द्वारा राज्य पात्रता परीक्षा–2019 का आयोजन 08 सितम्बर 2019 को हुआ था, जिसका परिणाम 09 माह बाद 24 जून 2020 को जारी हुआ तथा यूजीसी के नोटिफिकेशन दिनांक 13.06.2018 में 01.07.2021 से सहायक प्राध्यापक पद हेतु पी.एच.डी. अनिवार्य अर्हता होने का उल्लेख है। छात्रहित को ध्यान में रखते हुए पूर्व में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत नहीं कर पाने वाले छात्रों को ऑनलाइन आवेदन करने हेतु छ0ग0 लोक सेवा आयोग द्वारा अनुमति दी जाती है।

(3) आयोग द्वारा जारी उपरोक्त सूचना पत्र दिनांक 05.09.2020 के तारतम्य में अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन दिनांक 09.09.2020 मध्यान्ह 12:00 बजे से दिनांक 18.09.2020 रात्रि 11:59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार का कार्य दिनांक 20.09.2020 मध्यान्ह 12:00 बजे से दिनांक 22.09.2020 रात्रि 11:59 बजे तक केवल एक बार किया जा सकेगा।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा अनुमोदित

सही / –
सचिव
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग,
रायपुर